सांवरे तू लगता कमाल है

ऐसा मुखड़ा है प्यारा,
हर कोई दिल है हारा,
सांवरे तू लगता कमाल है,
तेरी हर अदा है बेमिसाल.....

सर के तेरे मोर मुकुट की शोभा लगती है प्यारी,
कारी घुँघरारी अलकें अँखियाँ तेरी कजरारी,
अधरों पे प्यारी लाली कानो में तेरे बाली,
सांवरे तू लगता कमाल है,
तेरी हर अदा है बेमिसाल.....

मनमोहन मन को मोहे तेरा ये रूप निराला,
पहने पीताम्बर तन पे सोहे मोतियन की माला,
सांवरिया जब तू साजे सज के तू सोणा लागे,
सांवरे तू लगता कमाल है,
तेरी हर अदा है बेमिसाल.....

चंचल है चितवन तेरी चंचल है तेरी अदाएं,
तेरी अदाएं प्यारे विशि के दिल को लुभाये,
तेरे आगे चाँद सितारे कुंदन फीके हैं सारे,
सांवरे तू लगता कमाल है,
तेरी हर अदा है बेमिसाल.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30548/title/sanwre-tu-lagta-kamaal-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |